# पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा में कुलगुरु जी की समीक्षा बैठक







पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा में दिनांक 16.06.2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मंदीप शर्मा जी ने महाविद्यालय में समीक्षा बैठक ली इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा जी, डॉ. श्रीकांत जोशी, निदेशक अनुसन्धान सेवायें एवं डॉ. सुनील नायक निदेशक विस्तार सेवाएं का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया, माननीय कुलगुरु महोदय ने स्वागत उद्बोधन कर महाविद्यालय के सभी शैक्षिक संकाय सदास्यों को प्रेरित किया एवं छात्रावास में छात्र–छात्रों के लिए समुचित व्यवस्था से कार्य किए जाने पर जोर दिया तदोपरांत अधिष्ठाता महोदय ने महाविद्यालय का संक्षिप्त विवरण पी.पी.टी. के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर प्रति कुलगुरु महोदाय ने विभागवार संकय सदस्यों से पिछले 5 सालों में किए गए शैक्षणिक अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की प्रगति की समीक्षा पावरपॉइंट के माध्यम से ली महाविद्यालय के 43 का प्राध्यापकों ने अपने–अपने कार्यों का विवरण कुलगुरु के समक्ष प्रस्तुत किया। कुलगुरु महोदय ने सभी को पशु चिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अधिक से अधिक अनुसंधान परियोजना आयोजित करने एवं महाविद्यालय की विस्तार गतिविधियों को किसानों के द्वार तक पहुंचने हेतु निर्देशित किया।

डॉ. श्रीकांत जोशी निर्देश अनुसन्धान सेवाएं ने अपने उद्बोधन में रीवा महाविद्यालय में चल




रहे अनुसन्धान परियोजनाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया एवं उन्होंने महाविद्यालय के सभी प्राचार्यों को काम से काम एक अनुसन्धान परियोजना को जल्दी से जल्दी जमा करने हेतु निर्देशित किया। डॉ. सुनील नायक को निदेशक विस्तार सेवाएं ने अपने उद्बोधन में जनसम्पर्क कार्यक्रम से जुड़े पशु चिकित्सा संबंध विस्तार गतिविधियों को प्राथमिकता से दूर अंचल स्थित पशु पालकों तक पहुंचने के लिए प्रति जोर दिया साथ ही महाविद्यालय में पांचगव्य

इकाई क्षेत्रीय आवश्यकता अनुसार खनिज मिश्रण एवं गौ संवर्धन की ओर कार्य करने की आवश्यकता बताई। समीक्षा बैठक के दौरान विश्वविद्यालय से आए डॉ. अक्षय गर्ग उपनिदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. रामकिंकर मिश्रा सहायक कुलसचिव, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं महाविद्यालय के सभी प्रध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर